भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5386

उत्तर देने की तारीख 25 जुलाई, 2019

3 श्रावण, 1941 (शक)

खेलों का विकास

5386. डॉ॰ जयसिद्धेश्वर शिवाचार्य स्वामीजीः
श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमाः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान खेल गतिविधियों के विकास के लिए गुजरात और महाराष्ट्र सरकार से प्राप्त प्रस्तावों तथा इसमें सम्मिलित अनुमानित व्यय का शोलापुर सहित योजना-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है और अनुमोदन के लिए लंबित पड़े प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या इन प्रस्तावों का निपटान करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार खेलों के विकास के लिए राज्यों को धनराशि उपलब्ध कराती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान गुजरात सरकार को कितनी धनराशि आवंटित और जारी की गई है; और

(ङ) उक्त अवधि के दौरान उक्त राज्यों में सृजित की गई खेल अवसंरचना का ब्यौरा क्या है और उक्त राज्यों में खेलों को बढ़ावा देने में क्या परिणाम हासिल किए गए हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग) : "खेल" राज्य का विषय होने के कारण खेल अवसंरचना और खेलों के संवर्धन सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व राज्य सरकारों का है । केन्द्रीय सरकार उनके प्रयासों की पूर्ति करती है । विगत तीन वर्षों के दौरान शोलापुर जिले सहित महाराष्ट्र और गुजरात सरकार से प्राप्त खेल अवसंरचना प्रस्तावों से संबंधित सूचना अनुबंध-I में दी गई हैं । पहले से संस्वीकृत परियोजनाओं के लिए उपलब्ध निधियां अभिबंधित कर दी गई हैं और

चूंकि खेल अवसंरचना राज्यों का उत्तरदायित्व है, इसलिए अधिक परियोजनाएं संस्वीकृत करना संभव नहीं हुआ है ।

(घ) और (ङ) : खेल अवसंरचना में कमी दूर करने के लिए खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत परियोजनाओं के लिए निधियां संस्वीकृत और मुहैया कराई जाती हैं । महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों में परियोजना-वार सूचना और स्थिति का ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है ।

*****

खेलों का विकास के संबंध में डॉ. जयसिद्धेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी, श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा, माननीय संसद सदस्य, लोक सभा द्वारा दिनांक 25.07.2019 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5386 के भाग (क) से (ग) और (घ) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

अनुबंध-I

पिछले 3 वर्षों के दौरान गुजरात और महाराष्ट्र राज्य की सरकारों से खेलो इंडिया स्कीम के तहत प्राप्त खेल अवसंरचना के विकास संबंधी प्रस्तावों का ब्यौरा

क्र.सं.	**संस्वीकृत /लंबित परियोजनाओं के नाम**	**अनुमानित लागत (करोड़ रु.)**	**संस्वीकृत अनुदान (करोड़ रु.)**	**जारी राशि (करोड़ रु.)**
	गुजरात			
1.	नरोदा जिला अहमदाबाद में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बिछाना	7.37	7.00	2.50
2.	देवगढ़ बेरिया, जिला दाहोद में सिंथेटिक हॉकी टर्फ बिछाना	4.67	4.67	2.50
3.	वल्लवाव, जिला वडोदरा में स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी परिसर में बहुउद्देश्यीय इनडोर हॉल का निर्माण।	8.62	8.00	3.00
4.	वल्लवाव, जिला वडोदरा में स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी परिसर में तरणताल का निर्माण।	7.90	5.00	3.00
	महाराष्ट्र			
1.	म्यूनिसिपल काउंसिल, कटोल, जिला नागपुर में तरणताल का उन्नयन।	5.00	5.00	2.00
2.	शिव छत्रपति क्रीड़ा पीठ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पुणे में हॉकी एस्ट्रोटर्फ का उन्नयन और शिव छत्रपति क्रीड़ा पीठ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पुणे में शूटिंग रेंज का उन्नयन	18.03	12.87	12.87
3.	नासिक म्युनिसिपल कॉरपोरेशन में खेल अवसंरचना सुविधाओं नामतः सीटिंग गैलरी, बास्केटबॉल ग्राउंड, लान टेनिस कोर्ट, स्पोर्ट्स एकेडमिक्स और प्रशिक्षण केंद्र/ छात्रावास का निर्माण	6.00	6.00	3.00
4.	मोवाद, जिला नागपुर में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण।	12.72	-	प्रक्रियाधीन

5.	कोल्हापुर में मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान बिछाना	11.40	-	प्रक्रियाधीन
6.	शोलापुर विश्वविद्यालय, शोलापुर में तरणताल का निर्माण।	-	प्रस्ताव अपूर्ण थे, इसलिए संस्वीकृत नहीं किए गए । अनुदानग्राही को आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए कहा गया ।	
7.	शोलापुर विश्वविद्यालय, शोलापुर में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण।	-		

*****